Deen Dayal Upadhyaya Gorakhpur University

(Accredited A++ by NAAC)

University in News on 20 June 2024

Dainik Jagran
Page - 02, 04

योग शपथ प्रतिशत मामले में गोविं को दूसरा स्थान

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : योग दिवस पर योग शपथ को लेकर दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय ने शानदार प्रदर्शन किया है। संख्या के मामले में पांचवें तो लक्ष्य के सापेक्ष प्रतिशत के मामले में गोविं ने प्रदेश में दूसरे स्थान पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है। योग के शपथ को लेकर बनने वाला रिकार्ड उत्तर प्रदेश के राजभवन के नाम होगा। जो कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल के नेतृत्व में प्रदेश के कुल 34 राज्य विश्वविद्यालयों के योगदान से यह संभव हो सका है। इसमें गोविं का अहम योगदान रहा।

राजभवन ने योग शपथ के लिए सभी राज्य विश्वविद्यालयों को 12 से 18 जून तक का समय दिया था। सभी विश्वविद्यालयों को वहां के विद्यार्थियों के सापेक्ष 70 प्रतिशत को योग शपथ दिलाने का लक्ष्य रखा गया था। इसमें गोविं को 2,11,510 को शपथ दिलाने का लक्ष्य था। इसके सापेक्ष गोविं ने 2,11,510 को ऑनलाइन शपथ दिलाई। इस दौरान कुलपति प्रो. पूनम टंडन समेत विश्वविद्यालय परिवार ने एकजुट होकर प्रयास किया।

- निर्धारित तिथि के अंदर 1.93 लाख लोगों को गोविं ने दिलाई आनलाइन शपथ
- योग शपथ के लिए सभी राज्य विश्वविद्यालयों को राजभवन ने दिया था 12 से 18 जून तक का समय

विश्वविद्यालय	लक्ष्य	प्राप्ति
गोरखपुर	2,11,510	1,93,186
एकेटीयू	4,58,742	2,15,461
बरेली	1,46,559	2,11,805
लखनऊ	2,79,565	1,93,189
कानपुर	3,18,500	2,88,134

प्रतिशत के मामले में दूसरे और अंकों के लिहाज से प्रदेश में हम पांचवें स्थान पर रहे। यह विश्वविद्यालय परिवार के साथ ही महाविद्यालयों, सामाजिक संगठनों, विभिन्न संस्थानों के सामूहिक प्रयास से संभव हो सका है। इसके लिए सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों व कर्मचारियों के साथ ही समाज के सभी लोगों का आभार।
- प्रो. पूनम टंडन, कुलपति, गोविं

से 18 जून तक का समय दिया था। सभी विश्वविद्यालयों को वहां के विद्यार्थियों के सापेक्ष 70 प्रतिशत को योग शपथ दिलाने का लक्ष्य रखा गया था। इसमें गोविं को 2,11,510 को शपथ दिलाने का लक्ष्य था। इसके सापेक्ष गोविं ने 1,93,186 को आनलाइन शपथ दिलाई। इस दौरान कुलपति प्रो. पूनम टंडन समेत विश्वविद्यालय परिवार ने एकजुट होकर प्रयास किया।

गोविं 1.93 लाख शपथ दिलाने के साथ ही प्रदेश के विश्वविद्यालयों में अंकों के लिहाज से पांचवें स्थान पर रहा। प्रतिशत के मामले में गोविं का प्रदर्शन बेहतर रहा। बरेली विश्वविद्यालय 144 प्रतिशत के साथ इस सूची में पहले नंबर पर रहा।

गोविं 91.33 प्रतिशत के साथ प्रतिशत के लिहाज से सूची में दूसरे स्थान पर रहा। कानपुर विश्वविद्यालय 90.46 प्रतिशत के साथ तीसरे स्थान पर रहा।

गोविं के अर्थशास्त्र विभाग में पूर्वांचल के विकास पर अध्ययन को बनेगा केंद्र

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग में पूर्वांचल के विकास को संभावनाओं को तलाशने के लिए एक अध्ययन केंद्र बनेगा। विभाग को शासन से इसकी लेकर प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है। जल्द ही इसे शासन में भेजा जाएगा। यहां से स्वीकृति मिलते ही यह केंद्र काम करना शुरू कर देगा। मंगलवार को इसकी लेकर विभागाध्यक्ष प्रो. संदीप दीक्षित ने कुलपति प्रो. पूनम टंडन के साथ प्रेजेंटेशन दिया, जिसमें उन्होंने विभाग के पांच साल का विजन प्लान सामने रखा। एक, दो व पांच साल की प्रस्तावित कार्ययोजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

प्रो. दीक्षित ने बताया कि विभाग की एक साल की योजना में सभी शिक्षक हिंदी में किताबें लिखेंगे, क्योंकि अर्थशास्त्र से जुड़ी ज्यादातर किताबें अंग्रेजी में हैं और इससे हिंदी माध्यम वाले विद्यार्थियों को काफी परेशानी होती है। इसके साथ ही सभी शिक्षक ने वीडियो विभाग को ट्रांसफर करेंगे। इसके अलावा विभाग को लाइब्रेरी में नई किताबें खरीदेगा, सेमिनार आयोजित करना और विद्यार्थियों उठाने का दौरा कराना एक वर्षीय योजना में शामिल है।

- शासन को जल्द भेजा जाएगा प्रस्ताव, बनेगा कंसल्टेंसी सेंटर
- शुरू होगा मास्टर आफ बिजनेस इकोनॉमिक्स कोर्स

अर्थशास्त्र विभाग ने अपने विजन प्लान में कुछ नए कोर्स और अध्ययन केंद्र को शामिल किया है। इससे विद्यार्थियों को काफी लाभ मिलेगा। इसको जल्द से जल्द शुरू किया जाएगा।
- प्रो. पूनम टंडन, कुलपति

गोविं में प्रवेश परीक्षा की तैयारी तेज आज जारी होगी समय सारिणी

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय में स्नातक, परास्नातक और रेट-2023 में प्रवेश के लिए परीक्षा की तैयारियां तेज हो गई हैं। गोविं प्रशासन 20 जून को अभ्यर्थी अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकेंगे। गोविं में प्रवेश परीक्षा 27 जून से प्रस्तावित है। प्रवेश के लिए इस बार करीब गोविं में 44 हजार से अधिक आवेदन आए हैं।

नामांकन प्रकोष्ठ के निदेशक प्रो. हर्ष सिन्हा ने बताया कि सभी विषयों की परीक्षा के लिए पाठ्यक्रम पहले ही वेबसाइट पर अपलोड किया जा चुका है। परीक्षा में किन-किन विषयों से प्रश्न आएंगे, यह अभ्यर्थी वहां से सुविधा हो।

कुलपति प्रो. पूनम टंडन ने बताया कि 27 जून से प्रस्तावित प्रवेश परीक्षा के लिए गुरुवार को समय सारिणी जारी कर दी जाएगी। इसे लेकर तैयारियां की जा रही हैं। 22 जून को एडमिट कार्ड जारी किए जाने की योजना है।

- 27 जून से 10 जुलाई के बीच विश्वविद्यालय में होगी प्रवेश परीक्षाएं
- परीक्षा में शामिल होने के लिए 22 जून को जारी हो जाएगा प्रवेश पत्र

गोविं के दो छात्रों ने पर्यावरण बचाने को साइकिल से तय की अयोध्या की दूरी

गोरखपुर: दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के एनएसएस के दो स्वयंसेवकों ने पर्यावरण बचाने का संदेश लेकर भीषण गर्मी में गोरखपुर से अयोध्या और अयोध्या से गोरखपुर की दूरी साइकिल से तय की। तीन दिन तक चले इस साइकिल यात्रा में दोनों युवाओं ने जगह-जगह रुककर लोगों को अधिक से अधिक पौधारोपण कर पर्यावरण बचाने का संदेश दिया। गोविं के दोनों छात्र आशीष व आदित्य राज ने 15 जून की शाम साइकिल से यह यात्रा शुरू की थी। बुधवार को सुबह करीब 11 बजे दोनों गोविं के एनएसएस कैंप कार्यालय पहुंचे। यात्रा पूरी करने वाले दोनों छात्रों ने इस दौरान लोगों से कम दूरी की यात्रा साइकिल से करने की अपील भी की। कुलपति प्रो. पूनम टंडन, कुलसचिव प्रो. शांतनु रस्तोगी व एनएसएस के समन्वयक डा. ओमी सिंह ने इन छात्रों को बधाई व शुभकामनाएं दी हैं। -विज्ञप्ति

Amar Ujala
Page - 07

पूर्वांचल के विकास पर अध्ययन को बनेगा केंद्र

गोरखपुर विश्वविद्यालय : अर्थशास्त्र विभाग में बनेगा केंद्र, शासन को जल्द भेजा जाएगा प्रस्ताव

संवाद न्यूज एजेंसी

गोरखपुर। पूर्वांचल में विकास की संभावनाओं और आने वाली समस्याओं को तलाशने के लिए गोरखपुर विश्वविद्यालय में एक अध्ययन केंद्र बनेगा। यहां पर सरकार की योजनाओं के साथ ही गोरखपुर और आसपास के जिलों को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने पर अध्ययन होगा। इसके लिए अर्थशास्त्र विभाग एक प्रस्ताव तैयार कर रहा है। जल्द ही शासन में भेजा जाएगा। स्वीकृति के बाद यह केंद्र शुरू हो जाएगा।

अर्थशास्त्र विभाग ने अपने पांच साल का विजन प्लान कुलपति प्रो. पूनम टंडन के समक्ष प्रस्तुत कर दिया है। प्रजेंटेशन में एक साल, तीन साल और पांच साल की प्रस्तावित कार्ययोजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। विभाग के पांच वर्षीय विजन प्लान में क्षेत्रीय अध्ययन केंद्र शामिल है, इसको लेकर अभी से कार्य शुरू कर दिया गया है।

शुरू होगा मास्टर ऑफ बिजनेस इकोनॉमिक्स कोर्स : रोजगारपरक पाठ्यक्रमों की मांग को देखते हुए विभाग में मास्टर आफ बिजनेस इकोनॉमिक्स कोर्स शुरू करने की योजना है। इसको तीन वर्षीय पाठ्यक्रम में शामिल किया गया है। पुराने छात्रों को जोड़कर विभाग के विद्यार्थियों का प्लेसमेंट करवाना, अधिक से अधिक रिसर्च प्रोजेक्ट प्राप्त करना भी योजना में शामिल है।

विभाग में बनेगा कंसल्टेंसी सेंटर, उद्योगों को देंगे सलाह

ऑनलाइन मिलेंगे सभी लेक्चर

विभाग ने अपनी एक साल की योजना में बताया है कि सभी शिक्षक हिंदी में किताबें लिखेंगे क्योंकि अर्थशास्त्र से जुड़ी ज्यादातर किताबें अंग्रेजी में हैं और इससे हिंदी मीडियम वाले विद्यार्थियों को काफी परेशानी होती है। इसके साथ ही सभी लेक्चर के वीडियो विभाग को ट्रांसफर करेंगे। इसके अलावा विभाग को लाइब्रेरी में नई किताबें खरीदना, सेमिनार आयोजित करना और विद्यार्थियों को उद्योगों का दौरा कराना एक वर्षीय योजना में शामिल है।

कंसल्टेंसी सेंटर से देंगे सलाह

अर्थशास्त्र विभाग में जल्द ही एक कंसल्टेंसी सेंटर स्थापित करने की योजना है। यहां पर शहर के उद्योगों को जरूरी सलाह, बैंक और पॉलिसी मेकिंग से जुड़ी सलाह दी जाएगी। इससे उद्योगों के साथ-साथ विद्यार्थियों को भी मदद मिलेगी।

विभाग ने अपने पांच वर्ष तक के विजन प्लान का प्रेजेंटेशन कुलपति के समक्ष दे दिया है। इसके तहत विभाग में कुछ नए रोजगारपरक पाठ्यक्रम, कंसल्टेंसी सेंटर और पूर्वांचल के विकास पर अध्ययन के लिए केंद्र स्थापित करने की योजना है। - प्रो. संदीप दीक्षित, विभागाध्यक्ष, अर्थशास्त्र

अर्थशास्त्र विभाग ने अपने विजन प्लान में कुछ नए कोर्स और अध्ययन केंद्र को शामिल किया है। इससे विद्यार्थियों को काफी लाभ मिलेगा। इसको जल्द से जल्द शुरू किया जाएगा।
- प्रो. पूनम टंडन, कुलपति



आज जारी होगी प्रवेश परीक्षा की समय सारिणी

गोरखपुर। गोरखपुर विश्वविद्यालय में स्नातक, परास्नातक और शोध पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए परीक्षा 27 जून से प्रस्तावित है। इसके लिए 20 जून को समय सारिणी जारी कर दी जाएगी। 22 जून से अभ्यर्थी अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकेंगे। प्रवेश सेल के निदेशक प्रो. हर्ष सिन्हा ने बताया कि सभी विषयों की परीक्षा के लिए पाठ्यक्रम पहले ही वेबसाइट पर अपलोड किया जा चुका है। विश्वविद्यालय में सत्र 2024-25 की शुरुआत 11 जुलाई से होगी। पुराने विद्यार्थियों की कक्षाएं इस दिन से शुरू हो जाएंगी। 10 जुलाई तक प्रवेश परीक्षा संपन्न कराने के बाद कार्यालयीन की प्रक्रिया भी जल्द शुरू हो जाएगी। कुलपति प्रो. पूनम टंडन ने बताया कि प्रवेश परीक्षा को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। 27 जून से प्रस्तावित प्रवेश परीक्षा के लिए गुरुवार को समय सारिणी जारी कर दी जाएगी। 22 जून को प्रवेश पत्र जारी किए जाने की योजना है। वोवर

महिलाओं ने किया योगाभ्यास

जिला महिला अस्पताल में योगाभ्यास करतीं महिलाएं। संवाद

गोरखपुर। गोरखपुर विश्वविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में साप्ताहिक योग कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसके तहत जिला महिला चिकित्सालय में आयोजन किया गया। इसमें प्रशिक्षकों ने गर्भवती महिलाओं को योगाभ्यास कराया। इस कार्यक्रम में हर्षवर्धन सिंह, प्रिया सिंह, चिन्मयानन्द मल्ल सहित गर्भवती महिलाएं उपस्थित रहीं। संवाद

Hindustan
Page - 04, 06

अर्थशास्त्र विभाग ने पांच साल के विजन का तैयार किया प्लान

पूर्वांचल के विकास पर अध्ययन को बनेगा केंद्र

डीडीयू

गोरखपुर, निज संवाददाता। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय (डीडीयू) के अर्थशास्त्र विभाग में अध्ययन केंद्र बनेगा। पूर्वांचल के विकास और उसकी संभावनाओं को यहां तलाशा जाएगा। इसका खाका तैयार कर लिया गया है। अर्थशास्त्र विभाग ने अपने पांच साल के विजन प्लान तैयार किया है। यह प्लान स्वीकृति के लिए शासन को भेजने की तैयारी है।

डीडीयू के अर्थशास्त्र विभाग ने विभागाध्यक्ष प्रो. संदीप कुमार दीक्षित के नेतृत्व में कुलपति प्रो. पूनम टंडन के समक्ष विभाग के एक, तीन और पांच साल का विजन प्लान प्रस्तुत किया है। पांच वर्षीय विजन प्लान में क्षेत्रीय अध्ययन केंद्र को शामिल किया गया है। एक साल के प्लान में बताया गया है कि हिन्दीभाषी छात्रों के हित में सभी शिक्षक अपनी किताबें हिन्दी में ही लिखेंगे। समय-समय पर होने वाले लेक्चर के वीडियो भी सोशल मीडिया पर अपलोड किए जाएंगे। विभाग की लाइब्रेरी भी और सुसज्जित की जाएगी।

मास्टर ऑफ बिजनेस इकोनॉमिक्स कोर्स चलेगा : तीन वर्षीय प्लान में मास्टर ऑफ बिजनेस इकोनॉमिक्स कोर्स शुरू करने की योजना है। यूज ऑफ कंप्यूटर एंड नैथमेटिक्स इन इकोनॉमिक्स पर सर्टिफिकेट कोर्स संचालित करने की योजना है। पुरातन छात्रों की मदद भी रिसर्च और प्लेसमेंट के लिए ली जाएगी।

अर्थशास्त्र विभाग ने अपने विजन प्लान में अध्ययन केंद्र शुरू किए जाने और नए कोर्स की शुरुआत को शामिल किया है। इससे विद्यार्थियों को सीधा लाभ मिलेगा। अध्ययन केंद्र के संचालन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।
- प्रो. पूनम टंडन, कुलपति

कंसल्टेंसी सेंटर से देंगे सलाह

विभागाध्यक्ष प्रो. संदीप दीक्षित ने बताया कि जल्द ही एक कंसल्टेंसी सेंटर स्थापित करने की योजना है। यहां उद्योगों को जरूरी सलाह, बैंक और पॉलिसी मेकिंग से जुड़ी सलाह दी जाएगी। कुलपति ने सभी योजनाओं पर सहमति जताई है।

Rashtriya Sahara
Page - 05

योग शपथ : लक्ष्य प्राप्ति में दूसरे नंबर पर रहा गोरखपुर विश्वविद्यालय

संवाद न्यूज एजेंसी

गोरखपुर। योग दिवस पर योग के शपथ का नया रिकॉर्ड बनाने में दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय का भी अहम योगदान रहा। गोरखपुर विश्वविद्यालय ने अपना 91 प्रतिशत लक्ष्य हासिल कर दूसरा स्थान हासिल किया।

योग शपथ के लिए राजभवन ने सभी राज्य विश्वविद्यालयों को 12 से 18 जून तक का समय दिया था। सभी विश्वविद्यालयों को वहां के विद्यार्थियों के सापेक्ष 70 प्रतिशत को योग शपथ दिलाने का लक्ष्य रखा गया था। इसमें गोरखपुर विश्वविद्यालय को 2,11,510 को शपथ दिलाने का लक्ष्य था। इसके सापेक्ष डीडीयू ने 1,93,186 को ऑनलाइन शपथ दिलाई। 1.93 लाख शपथ दिलाने के साथ ही डीडीयू प्रदेश के विश्वविद्यालयों में अंकों के लिहाज से पांचवें स्थान पर रहा।

प्रतिशत के मामले में बरेली विश्वविद्यालय 144 प्रतिशत के साथ इस सूची में पहले नंबर पर रहा। डीडीयू 91.33 प्रतिशत के साथ प्रतिशत के लिहाज से सूची में दूसरे स्थान पर रहा। कानपुर विश्वविद्यालय 90.46 प्रतिशत के साथ तीसरे स्थान पर रहा।

विश्वविद्यालय ने अपना 91 प्रतिशत लक्ष्य हासिल किया

कुलपति प्रो. पूनम टंडन ने कहा कि विश्वविद्यालय परिवार के साथ ही कॉलेजों, सामाजिक संगठनों, विभिन्न संस्थानों के सामूहिक प्रयास से प्रतिशत के मामले में दूसरे और अंकों के लिहाज से प्रदेश में हम पांचवें स्थान पर रहे। इसके लिए सभी छात्रों-शिक्षकों और कर्मचारियों के साथ ही समाज के सभी लोगों का आभार।

शनि को मेडल पहनाकर प्रोत्साहित किया। संवाद

जूनियर किक बॉक्सिंग विश्व चैंपियनशिप में खेलेंगे डीडीयू के शनि सिंह

गोरखपुर। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय में एनएसएस के स्वयंसेवक व बीए द्वितीय वर्ष के छात्र शनि सिंह का चयन हंगरी में होने वाले जूनियर किक बॉक्सिंग विश्व चैंपियनशिप के लिए हुआ है। इनका चयन गोरखपुर मंडल का प्रतिनिधित्व करते हुए पश्चिम बंगाल में आयोजित राष्ट्रीय किक बॉक्सिंग चैंपियनशिप-2024 में रजत पदक प्राप्त करने पर किया गया है। इस उपलब्धि पर कुलपति प्रो. पूनम टंडन, कुलसचिव प्रो. शांतनु रस्तोगी व एनएसएस के समन्वयक डॉ ओम प्रकाश सिंह ने बुधवार को मेडल पहनाकर प्रोत्साहित किया। संवाद

Nirbhik India

डीडीयू परिसर में "सेंसस डाटा रिसर्च वर्कस्टेशन" होगा स्थापित

विश्वविद्यालय के लिए यह एक बड़ी उपलब्धि है कि जनगणना कार्य निदेशालय, उत्तर प्रदेश, भारत सरकार, गृह मंत्रालय द्वारा दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के शैक्षिक परिसर में 'सेंसस डाटा रिसर्च वर्कस्टेशन' विश्वविद्यालय के केन्द्रीय ग्रंथालय के साइबर लाइब्रेरी में स्थापित किया जायेगा।

गोरखपुर, संवाददाता- भारत के महारजिस्ट्रार एवं जनगणना आयुक्त कार्यालय, गृह मंत्रालय, भारत सरकार के मार्गदर्शन में गोरखपुर विश्वविद्यालय में उत्तर प्रदेश राज्य सरकार के विश्वविद्यालयों के अंतर्गत स्थापित होने वाला द्वितीय तथा प्रदेश में स्थापित होने वाला चतुर्थ "सेन्सस डेटा रिसर्च वर्कस्टेशन" है। उत्तर प्रदेश में इस प्रकार के रिसर्च वर्कस्टेशन काशी हिन्दू विश्वविद्यालय वर्ष 2017, अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय, अलीगढ़ एवं बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, झाँसी में वर्ष 2023 से क्रियाशील है।

विश्वविद्यालय के केन्द्रीय ग्रंथालय में इस "सेंसस डाटा रिसर्च वर्कस्टेशन" का शुभारम्भ दिनांक 24-06-2024 को मध्याह्न 12.00 बजे श्रीमती आनंदीबेन पटेल, माननीय कुलाधिपति एवं श्रीराज्यपाल, उत्तर प्रदेश के कर-कमलों द्वारा आनलाइन किया जायेगा। इस वर्कस्टेशन की स्थापना के लिए दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो0 पूनम टंडन एवं श्रीमती शीतल वर्मा आई.ए.एस. निदेशक जनगणना कार्य निदेशालय उत्तर प्रदेश के मध्य एक एम ओ यू पर हस्ताक्षर भी किया जायेगा।

विश्वविद्यालय में सेंसस डाटा रिसर्च वर्कस्टेशन की स्थापना से पूर्वांचल सहित इस अंचल के शिक्षाविदों, शोधार्थियों, विद्यार्थियों एवं जन-सामान्य के लिए व्यापक अनुसंधान का वातावरण एवं अवसर मिलेगा।

Amar Ujala Select
Page - 06

डीडीयू : पूर्वांचल के विकास पर स्थापित होगा अध्ययन केंद्र

अर्थशास्त्र विभाग में बनेगा केंद्र, शासन को जल्द भेजा जाएगा प्रस्ताव

गोरखपुर। पूर्वांचल में विकास की संभावनाओं और आने वाली समस्याओं को तलाशने के लिए दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय में एक अध्ययन केंद्र बनेगा। यहां पर सरकार की योजनाओं के साथ ही गोरखपुर और आसपास के जिलों को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने पर अध्ययन होगा। इसके लिए अर्थशास्त्र विभाग एक प्रस्ताव तैयार कर रहा है। जल्द ही इसे शासन में भेजा जाएगा। यहां से स्वीकृति के बाद यह केंद्र शुरू हो जाएगा।

अर्थशास्त्र विभाग ने अपने पांच साल का विजन प्लान कुलपति प्रो. पूनम टंडन के समक्ष प्रस्तुत कर दिया है। मंगलवार को हुए प्रजेंटेशन में विभागाध्यक्ष प्रो. संदीप दीक्षित ने एक साल, तीन साल और पांच साल की प्रस्तावित कार्ययोजनाओं के बारे में जानकारी दी।

विभाग के पांच वर्षीय विजन प्लान में क्षेत्रीय अध्ययन केंद्र शामिल है, इसको लेकर अभी से कार्य शुरू कर दिया गया है। इसका प्रस्ताव भी लगभग तैयार है जिसे जल्द ही शासन में भेजा जाएगा। स्वीकृति मिलते ही अगले कुछ वर्षों में इस केंद्र का संचालन शुरू हो जाएगा।

अनिलाइन मिलेंगे सभी लेक्चर : विभाग ने अपनी एक साल की योजना में बताया है कि सभी शिक्षक हिंदी में किताबें लिखेंगे क्योंकि अर्थशास्त्र से जुड़ी ज्यादातर किताबें अंग्रेजी में हैं और इससे हिंदी मीडियम वाले विद्यार्थियों को काफी परेशानी होती है।

इसके साथ ही सभी लेक्चर के वीडियो विभाग की सोशल मीडिया हैंडल पर अपलोड करेंगे। ताकि छात्र-छात्राएं इसे शोधकर्ताओं को व्यवस्थित अनुसंधान के लिए जनगणना के माइक्रो-डेटा तक पहुंच प्रदान करके भारत की आबादी के सामाजिक-आर्थिक-जनसांख्यिकीय संदर्भ का अध्ययन करने में सक्षम बनाता है। जनगणना के आंकड़ों के आधार पर 30 हजार से अधिक सारणीयां एवं 8 हजार से अधिक आलेख, सारांश भारत के महारजिस्ट्रार एवं जनगणना आयुक्त कार्यालय की अधिकृत वेबसाइट censusindia.gov.in पर प्रकाशित है। सूक्ष्म विश्लेषण की संभावना के दृष्टिगत सूक्ष्म स्तर के आंकड़ों की सुलभता शिक्षाविदों, शोधकर्ताओं एवं छात्र-छात्राओं के लिए लाभप्रद होगी तथा जन-सामान्य द्वारा यूजर के लिए भी उपलब्ध होगी।

विश्वविद्यालय में सेंसस डाटा रिसर्च वर्कस्टेशन की स्थापना से पूर्वांचल सहित इस अंचल के शिक्षाविदों, शोधार्थियों, विद्यार्थियों एवं जन-सामान्य के लिए व्यापक अनुसंधान का वातावरण एवं अवसर मिलेगा।

प्रवेश के लिए परीक्षा की तैयारियां शुरू हुईं

गोरखपुर, निज संवाददाता। डीडीयू में स्नातक, परास्नातक और रेट-2023 में प्रवेश के लिए परीक्षा की तैयारियां शुरू हो गई हैं। डीडीयू प्रशासन 20 जून को परीक्षा की समय सारिणी जारी कर देगा। इसके अलावा 22 जून से अभ्यर्थी अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकेंगे।

डीडीयू में प्रवेश परीक्षा 27 जून से प्रस्तावित है। इसे लेकर तैयारियां करीब पूरी कर ली गई हैं। समय सारिणी करीब-करीब फाइनल कर ली गई है। गुरुवार को समय सारिणी वेबसाइट पर अपलोड कर दी जाएगी। अभ्यर्थियों के हित में 22 जून को प्रवेश पत्र जारी किए जाने की योजना है। इसे लेकर प्रवेश समिति अपनी तैयारियां कर रही है। उल्लेखनीय है कि डीडीयू में प्रवेश के लिए इस बार करीब 44 हजार से अधिक आवेदन आए हैं।

> 27 जून से प्रस्तावित प्रवेश परीक्षा के लिए गुरुवार को समय सारिणी जारी कर दी जाएगी। इसे लेकर तैयारियां की जा रही हैं। 22 जून को एडमिट कार्ड जारी किए जाने की योजना है।
> - प्रो. पूनम टंडन, कुलपति, डीडीयू

पाठ्यक्रम वेबसाइट पर अपलोड : एडमिशन सेल के निदेशक प्रो. हर्ष सिन्हा ने बताया कि सभी विषयों की परीक्षा के लिए पाठ्यक्रम पहले ही वेबसाइट पर अपलोड किया जा चुका है।

पांच वर्ष बाद जून में प्रवेश परीक्षा: वर्ष 2019 तक प्रवेश परीक्षाएं जून में ही आयोजित होती थीं। वर्ष 2020 में कोरोना के कारण प्रवेश परीक्षा 29 सितंबर से शुरू हुई थी। वर्ष 2021 में कोरोना की दूसरी लहर के कारण 12 अगस्त से प्रवेश परीक्षाएं शुरू हुई थीं।

डीडीयू में स्पोर्ट्स की प्रायोगिक परीक्षा कल

गोरखपुर। डीडीयू में बीए, बीएससी और बीकॉम की स्पोर्ट्स (पीएचईडी-100) के माइनर को-करिकुलर पेपर की प्रायोगिक परीक्षा 21 जून को होगी। गोरखपुर विश्वविद्यालय में एथलेटिक्स एसोसिएशन के सचिव डॉ राजवीर सिंह ने यह जानकारी दी।

योग शपथ वर्ल्ड रिकॉर्ड प्रतिशत में दूसरे नंबर पर डीडीयू

गोरखपुर, निज संवाददाता। योग दिवस पर योग के शपथ का नया रिकॉर्ड बनना तय हो गया है। यह रिकॉर्ड उत्तर प्रदेश के राजभवन के नाम होगा। कुलाधिपति के नेतृत्व में प्रदेश के कुल 34 राज्य विश्वविद्यालयों के योगदान से यह संभव हो सका है। इसमें डीडीयू का भी अहम योगदान रहा। संख्या के मामले में डीडीयू पांचवें तो लक्ष्य के सापेक्ष प्रतिशत के मामले में दूसरे स्थान पर रहा।

योग शपथ के लिए राजभवन ने सभी राज्य विश्वविद्यालयों को 12 से 18 जून तक का समय दिया था। सभी विश्वविद्यालयों को वहां के विद्यार्थियों के सापेक्ष 70 प्रतिशत को योग शपथ दिलाने का लक्ष्य रखा गया था। इसमें डीडीयू को 2,11,510 को शपथ दिलाने का लक्ष्य था। इसके सापेक्ष डीडीयू ने 1,93,186 को ऑनलाइन शपथ दिलाई। इस दौरान कुलपति प्रो. पूनम टंडन समेत विश्वविद्यालय परिवार ने एकजुट होकर प्रयास किया।

बॉक्सिंग चैंपियनशिप में खेलेंगे डीडीयू के शनि

गोरखपुर। डीडीयू के एनएसएस के स्वयंसेवक व बीए द्वितीय वर्ष के छात्र शनि सिंह का चयन हंगरी में होने वाले जूनियर किक बॉक्सिंग विश्व चैंपियनशिप के लिए हुआ है। इनका चयन गोरखपुर मंडल का प्रतिनिधित्व करते हुए पश्चिम बंगाल में आयोजित राष्ट्रीय किक बॉक्सिंग चैंपियनशिप-2024 में रजत पदक प्राप्त करने पर किया गया है। इस उपलब्धि पर कुलपति प्रो. पूनम टंडन, कुलसचिव प्रो. शांतनु रस्तोगी और एनएसएस के समन्वयक डॉ. ओम प्रकाश सिंह ने बुधवार को मेडल पहनाकर प्रोत्साहित किया।

विवि में स्थापित होगा सेंसस डाटा रिसर्च वर्कस्टेशन

गोरखपुर(एसएनबी)। दीदउ गोविवि स्थित केन्द्रीय ग्रंथालय के साइबर लाइब्रेरी में सेंसस डाटा रिसर्च वर्कस्टेशन स्थापित किया जायेगा। जनगणना कार्य निदेशालय, उत्तर प्रदेश, भारत सरकार, गृह मंत्रालय भारत सरकार के विश्वविद्यालयों के अंतर्गत स्थापित होने वाला द्वितीय तथा प्रदेश में स्थापित होने वाला चतुर्थ "सेन्सस डेटा रिसर्च वर्कस्टेशन" है। उत्तर प्रदेश में इस प्रकार के रिसर्च वर्कस्टेशन काशी हिन्दू विश्वविद्यालय वर्ष 2017, अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय, अलीगढ़ एवं बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, झाँसी में वर्ष 2023 से क्रियाशील है।

विश्वविद्यालय के केन्द्रीय ग्रंथालय में इस "सेंसस डाटा रिसर्च वर्कस्टेशन" का शुभारम्भ दिनांक 24-06-2024 को मध्याह्न 12.00 बजे श्रीमती आनंदीबेन पटेल, माननीय कुलाधिपति एवं श्रीराज्यपाल, उत्तर प्रदेश के कर-कमलों द्वारा आनलाइन किया जायेगा। इस वर्कस्टेशन की स्थापना के लिए दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो0 पूनम टंडन एवं श्रीमती शीतल वर्मा आई.ए.एस. निदेशक जनगणना कार्य निदेशालय उत्तर प्रदेश के मध्य एक एम ओ यू पर हस्ताक्षर भी किया जायेगा।

विश्वविद्यालय में सेंसस डाटा रिसर्च वर्कस्टेशन की स्थापना से पूर्वांचल सहित इस अंचल के शिक्षाविदों, शोधार्थियों, विद्यार्थियों एवं जन-सामान्य के लिए व्यापक अनुसंधान का वातावरण एवं अवसर मिलेगा।

जूनियर किक बॉक्सिंग विश्व चैंपियन में डीडीयू के शनि सिंह चयनित

गोरखपुर(एसएनबी)। दीदउ गोविवि के रासेयो के स्वयंसेवक एवं बीए द्वितीय वर्ष के छात्र शनि सिंह हंगरी में होने वाले जूनियर किक बॉक्सिंग विश्वचैंपियन के लिए चयनित हुए हैं। कुलपति प्रो. पूनम टण्डन ने मेडल पहनाकर शनि को प्रोत्साहित किया और विश्व चैंपियनशिप में विजय प्राप्त करने के लिए शुभकामनाएं दीं। इनका चयन गोरखपुर मण्डल का प्रतिनिधित्व करते हुए पश्चिम बंगाल में आयोजित हुए राष्ट्रीय किक बॉक्सिंग चैम्पियनशिप 2024 में रजत पदक प्राप्त करने पर किया गया है। अब शनि सिंह जूनियर किक बॉक्सिंग विश्व चैंपियन में भाग लेंगे। इस दौरान कुलसचिव प्रो. शान्तनु रस्तोगी, एनएसएस समन्वयक डॉ.ओम प्रकाश सिंह समेत अनेक शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने अपनी शुभकामनाएं दिया।

डीडीयू : गर्भवती महिलाओं को दिया योग प्रशिक्षण

गोरखपुर(एसएनबी)। दीदउ गोविवि में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून के उपलक्ष्य में साप्ताहिक योग कार्यक्रम के पांचवे दिन भी योगाभ्यास का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत जिला महिला चिकित्सालय में 8 वजे से गर्भवती महिलाओं के लिए योग शिविर लगाकर उन्हें प्रशिक्षित किया गया। जिसमें प्रशिक्षित योग प्रशिक्षक द्वारा डाक्टरों के देखरेख में योगाभ्यास कराया गया। कार्यक्रम में हर्षवर्धन सिंह, प्रिया सिंह, चिन्मयानन्द मल्ल आदि उपस्थित रहे।

एमए चतुर्थ सेमेस्टर की प्रयोग परीक्षा 22 को

गोरखपुर। दीदउ गोविवि आवासीय खण्ड एमए चतुर्थ सेमेस्टर सत्र 2023-2024 के छात्र-छात्राओं की प्रायोगिक परीक्षा 22 जून 2024 को पूर्वाह्न 10 वजे से शिक्षा संकाय में होगी। सभी छात्र एवं छात्राएं प्रवेश पत्र एवं दो लघु शोध प्रबन्ध के साथ समय से उपस्थित हो। उक्त जानकारी विभागाध्यक्ष एवं अधिष्ठाता, शिक्षाशास्त्र विभाग ने दी।

Inext Page 02, 04

जूनियर किक बाक्सिंग विश्व चैंपियनशिप में खेलेंगे शनि सि